ना कोई फिकर | By Jai Goyal

तेरा हर पल करू शुकर सांवरे
तेरे होते ना कोई फिकर सांवरे
तेरा हर पल करूँ ....

तेरी चौखट पे आकर मिल जाती खुशियां सारी
दे फटकारा मोरछड़ी का तूने दुनिया तारी
एक बार पकड़ ले तू हाथ सांवरे
तेरा हर पल करूँ ....

हारे हुए अपने भक्तों को तुमने दिया सहारा
तेरा नाम लेकर ही बाबा गुज़रे जीवन सारा
तुझे हर घडी करूँ में बस याद सांवरे
तेरा हर पल करूँ ....

फागुन के मेले में दर पर भीड़ लगे है भारी
भर भर बांटे खुशियां बाबा माने दुनिया सारी
जय की तो बाबा अब मौज सांवरे
तेरा हर पल करूँ ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%ab%e0%a4%bf%e0%a4%95%e0%a4%b0-by-jai-goyal/